>

Title: Need to provide computerized ticket reservation system at Reega railway station in Sheohar Parliamentary Constituency of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में सीतामढ़ी जिले में रीगा इलाका औद्योगिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। रीगा एक महत्वपूर्ण शहर है, जो गन्ना उत्पादकों के लिए पूरे उत्तर बिहार में जाना जाता हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहां आते हैं। रीगा रेलवे स्टेशन स्वतंत्रता पूर्व समय का है, जिसका आज तक विकास नहीं हो पाया है। जबकि पड़ोसी देश नेपाल से सटा होने के कारण यह इलाका और रीगा रेलवे स्टेशन बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। सीमा के आर-पार जाने और आने के लिए इस रेलवे स्टेशन का बहुत महत्व है।

19.00hrs

किन्तु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इतने महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर आज तक कम्प्यूटरीकृत टिकट आरक्षण प्रणाली की भी व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण यहां के स्थानीय लोगों, विभिन्न शहरों एवं बाहर के प्रदेशों से आकर काम करने वाले कर्मियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त रेलवे स्टेशन सीतामढ़ी-नरकटियागंज रेलखंड पर आमान परिवर्तन का कार्य चल रहा है । सम्भवतः दो माह के अंदर यहां आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो जायेगा। तदुपरांत, आम लोगों की समस्या को देखते हुए यहां से गुजरने वाली लम्बी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का रीगा स्टेशन पर ठहराव नितांत आवश्यक होगा। यदि रीगा रेलवे स्टेशन पर कम्प्युटरीकृत टिकट आरक्षण प्रणाली की व्यवस्था करने के साथ-साथ आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने के बाद लम्बी दूरी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाता है तो, इससे आम लोगों, व्यापारियों एवं यहां के उद्योग में कार्यरत कर्मियों को राहत मिलेगी तथा रेलवे को भी राजस्व का लाभ होगा।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के उपरोक्त रीगा रेलवे स्टेशन पर कम्प्युटरीकृत टिकट आरक्षण प्रणाली की व्यवस्था करने के साथ-साथ सीतामढ़ी-नरकटियागंज रेलखंड पर आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने के उपरांत यहां से गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए जिससे कि यहां से जुड़े आम लोगों एवं उद्योगों से जुड़े व्यापारियों को लाभ मिल सके।